आई.ए.एस. अफसरों...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

डिस्कॉम्स, राजस्थान, जयपुर एवं प्रबंध निदेशक, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जयपुर, वे. सरवन कुमार को शासन सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान, जयपुर, उर्मिला राजोरिया को संभागीय आयुक्त, कोटा, सुधीर कुमार शर्मा को शासन सचिव, सामान्य प्रशासन, मंत्रिमंडल सचिवालय, सम्पदा, स्टेट मोटर गैरेज एवं पदेन चीफ ऑफ प्रोटोकॉल, राजस्थान, जयपुर, डॉ. प्रतिभा सिंह को संभागीय आयुक्त, पाली, सुषमा अरोड़ा को प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (रीको) एवं आयुक्त, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कोरिडोर, जयपुर, वंदना सिंघवी को संभागीय आयुक्त, बीकानेर, कुमार पाल गौतम को आयुक्त, कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता, राजस्थान जयपुर, इन्द्रजीत सिंह को आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल, जयपुर, राजेन्द्र सिंह शेखावत को शाहपुरा जिला कलेक्टर, अनुप्रेरणा सिंह कुन्तल को गृह विभाग में विशिष्ट शासन सचिव, शक्ति सिंह राठौड़ को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सांचोर, प्रज्ञा केवलरमानी को आयुक्त, टीएडी, उदयपुर, भगवती प्रसाद कलाल को निदेशक, खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर, ओम प्रकाश कसेरा को प्रबंध निदेशक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर, टीकमचंद बोहरा को संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय-1) विभाग, जयपुर, नथमल डिडेल को प्रबंध निदेशक, राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, जयपुर, नम्रता वृष्णि को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बीकानेर, अंशदीप को आयुक्त, आबकारी विभाग एवं पदे मद्य निषेध निदेशक, राजस्थान, उदयपुर, अरूण कुमार पुरोहित को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर, अरूण गर्ग को अतिरिक्त मिशन निदेशक, नेशनल हैल्थ मिशन, राजस्थान, जयपुर, अल्पा चौधरी को निदेशक, मत्स्य विभाग, राजस्थान, जयपुर, वासुदेव मालावत को आयुक्त, देवस्थान विभाग, उदयपुर, निशांत जैन को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बाड़मेर, लोक बंधु को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर, पूजा कुमारी को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जालोर, डॉ. घनश्याम को आयुक्त, विभागीय जांच, राजस्थान, जयपुर, हेम पुष्पा शर्मा को सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर डॉ. अमित यादव को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, भरतपुर के पद पर लगाया है।

वहीं राजेश्वर सिंह को अध्यक्ष, राजस्थान कर बोर्ड, अजमेर, आलोक को अध्यक्ष, राजस्थान ऊर्जा विकास एवं आई.टी. सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर, प्रमुख आवासीय आयुक्त, नई दिल्ली, शिखर अग्रवाल को नागरिक उड्डयन विभाग में एसीएस व राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल का अध्यक्ष, श्रेया गुहा को राजस्थन रोड़वेज की सीएमडी, आलोक गुप्ता को राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड का अध्यक्ष, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रमुख शासन सचिव, हेमंत कुमार गेरा को महानिदेशक, हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान एवं पदेन प्रमुख शासन सचिव, प्रशिक्षण, राजस्थान, जयपुर, विकास सीतारामजी भाले को प्रबंध निदेशक राजस्थान सहकारिता डेयरी फेडरेशन लिमिटेड, जयपुर, वे. सरवण कुमार को शासन सचिव, शांतिम एवं अहिंसा विभाग, राजस्थान, जयपुर, रश्मि गुप्ता को आयुक्त, नागरिक सुरक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर, इन्द्रजीत सिंह को आयुक्त, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग एवं प्रबंध निदेशक, राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर, नथमल डिडेल को प्रबंध निदेशक, राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड, जयपुर के पद पर अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है।

पवार चुनाव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उपयोग करने की अनुमति दी थी। अजित पवार गुट ने भी कुछ समय पूर्व, सुप्रीम कोर्ट में एक "कैविएट" अर्जी दायर की थी, यह सुनिश्चित करने के लिए कि, शरद पवार की किसी भी याचिका पर, उनके विरूद्ध कोई प्रतिकूल आदेश पारित नहीं किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने पहले, अजित पवार के नेतृत्व वाले बागी विधायकों के विरूद्ध अयोग्यता की मांग करने वाली, शरद पवार गुट की याचिका पर अंतिम आदेश पारित करने के लिए, महाराष्ट्र विधानसभा सभापति, राहुल नार्वेकर को पन्द्रह फरवरी तक का समय दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा सभापति को अयोग्यता याचिका पर तेजी से निर्णय लेने का आदेश दिया था।

असंतुष्ट कांग्रेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राजनीति के जानकार, अनुभवी लोगों ने कहा कि कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ के भाजपा में शामिल होने की प्रबल संभावना है।

यद्यपि, विपक्षी दलों ने गठबंधन बनाने के प्रयास पहले शुरु कर दिए थे परन्तु भाजपा के प्रयासों ने हाल के सप्ताहों में तेजी से गति पकड़ी है। पुराना एन.डी.ए. लगभग ध्वस्त हो गया था। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भाजपा के अलावा अपना दल की अनुप्रिया पटेल एवं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इण्डिया के रामदास अठावले ही हैं। विगत कुछ सप्ताहों में भाजपा द्वारा अपने पुराने सहयोगियों, जिसमें शिरोमणि अकाली दल, टी.डी.पी. तथा अन्नाद्रमुक शामिल हैं, को वापस गठबंधन में लाने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।

जनता दल (यू) भाजपा के साथ गठबंधन कर चुकी है। राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी ने भी अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। हरियाणा में, जनता जननायक पार्टी, पहले से ही गठबंधन सहयोगी है, जबकि शिरोमणि अकाली दल के साथ समझौता भी अंतिम चरण में बताया जा रहा हैं। तेलुगु देसम पार्टी के चंद्रबाबू नायडू ने हाल ही में भाजपा प्रमुख जे.पी. नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक की, यद्यपि, भाजपा-टी.डी.पी. गठबंधन से वाय.एस.आर. कांग्रेस नेता और आंध्र प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के नाराज़ होने की संभावना है।

मु.मंत्री ने महाराजा सूरज मल की प्रतिमा का अनावरण किया

जयपुर, 13 फरवरी (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी अंचलों में युवाओं को उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं किसानों को राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री शर्मा मंगलवार को भरतपुर के महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय परिसर में महाराजा सूरजमल की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के अनावरण एवं लोकार्पण के समय युवाओं से संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि, महाराजा सूरजमल के पराक्रम की गाथा को सदैव याद किया जाता है। उनकी प्रशासकीय क्षमता, दूरदर्शिता एवं अद्वितीय युद्ध कौशल की कला नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। गत वर्षों में पेपरलीक की घटनाओं से प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ, इन मामलों में दोषी एक-एक व्यक्ति को सजा दिलाई जाएगी, अब तक 25 व्यक्तियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। आश्वस्त किया कि, राज्य सरकार महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

> ■ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, महाराजा सूरज मल प्रशासनिक क्षमता, दूरदर्शिता व युद्ध कौशल की वजह से नई पीढ़ी के प्रेरणास्रोत हैं।

में सुविधाओं के विस्तार के हर सम्भव प्रयास करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल क्षेत्र में युवाओं को मौका देने के लिए गांव से लेकर कस्बे तक खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। राज्य सरकार ने ओलम्पिक में भाग लेने के लिए प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को ट्रेनिग, किट, कोच सहित सभी विश्वस्तरीय सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए मिशन ओलम्पिक-2028 की घोषणा की है। इसके लिए जयपुर में सेंटर आफ एक्सलैंस फॉर स्पोर्ट्स भी स्थापित किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि एकीकृत ईआरसीपी परियोजना को हर हाल में पांच साल में पूरा किया जाएगा।

'इण्डिया ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) व किसान मजदूर मोर्चा के आव्हान पर हजारों किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को दिल्ली कूच किया। उनकी मांगों में फसलों पर एम.एस.पी. की विधिक गारंटी देना भी शामिल है।

कांग्रेस प्रमुख खड़गे ने "एक्स" पर डाली गई एक पोस्ट में कहा कि "नुकीले तार, ड्रोन्स के मार्फत आंसू गैस छोड़ना, कीलें बिछाना और बंदूकें तानना, सब का प्रबंध कर लिया गया है। तानाशाह मोदी सरकार किसानों की आवाज़ दबाने की कोशिश कर रही है।" हिंदी में लिखी गई अपनी पोस्ट में उन्होंने कहा कि "याद कीजिए- "आंदोलनजीवी" और "परजीवी" कहकर किसानों को किस तरह से बदनाम किया गया था और 750 किसान मारे गए थे।"

पोस्ट में कहा गया है कि "पिछले 10 साल में मोदी सरकार ने तीन वादे तोड़े- वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करना, स्वामीनाथन रिपोर्ट की सिफारिशें लागू करना और एम.एस.पी. का कानूनी दर्जा प्रदान करना।

किसान आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए खड़गे ने कहा कि कांग्रेस किसानों के न्याय को लेकर आवाज उठाएगी। हम नहीं डरेंगे, नहीं झुकेंगे।

ए.आई.सी.सी. महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के एक उद्देश्य के अन्तर्गत राहुल गांधी ने आज अम्बिकापुर मण्डी में किसानों से बातचीत की।

राहुल गांधी, खड़गे, पायलट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लिए सुनिश्चित नहीं हैं। अगर वे हार जाती हैं तो उन्हें 10, जनपथ छोड़ना पड़ सकता है।

गांधी परिवार का सदस्य दिल्ली में आवास के लिए राजनीति कर रहा है, यह कांग्रेस के पतन की हद है।

जब नेतृत्व ही इस राह पर चल रहा है तो ऐसे नेताओं की संख्या बढ़ गई है जो राज्यसभा सीट के लिए हाथ पैर मार रहे हैं कोई भी वरिष्ठ नेता लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहता है।

पता चला है कि उनके पास हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा में जाने का विकल्प था पर उन्होंने राजस्थान चुना। राजस्थान से कांग्रेस को एक राज्यसभा सीट मिलनी है, जिसके कई दावेदार हैं। सोनिया के आने से सभी की दावेदारी धरी रह गई है।

भंवर जितेन्द्र सिंह यह सीट पाने के लिए पूरा जोर लगा रहे थे। अशोक गहलोत अपने विश्वस्त दिनेश कोडनिया को यह सीट देना चाहते थे।

प्रियंका गांधी अब रायबरेली से लोकसभा टिकट के लिए प्रयास करेगी, लेकिन इस बारे में निर्णय सिर्फ यह

> ■ इस बार संभवतया प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ सकती हैं, पर, फाइनल निर्णय चुनाव के पहले ही लिया जायेगा, प्रियंका गांधी की जीत का पूरा गुणा-भाग करके।

परखने के बाद ही लिया जाएगा कि उनके वहां से जीतने की संबावना है या नहीं। यह संभावना भी है कि हो सकता है अगले लोकसभा चुनाव में शायद उत्तर प्रदेश से एक भी कांग्रेस सांस न हो। वहां एकमात्र सोनिया के ही जीतने की संभावना थी। लेकिन यह गांधी परिवार वह नहीं है जो पूर्व कांग्रेस पर काबिज था।

यही वजह है कि पार्टी छोड़ने वाले की संख्या बढ़ती ही जा रही है और पार्टी का जनाधार और चुनाव जीतने की क्षमता दिन प्रतिदिन कम हो रही है।

यू.ए.ई. के राष्ट्रपति ने एयरपोर्ट....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के स्वागत सत्कार से अभिभूत होकर प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल प्लेटफॉर्म "एक्स" पर लिखा, "अबू धाबी हवाई अड्डे पर मेरे स्वागत के लिए समय निकालने के लिए मेरे भाई मोहम्मद बिन जायद के प्रति अत्यंत आभारी हूं।"

प्रधानमंत्री ने यू.ए.ई. के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक में अपने उद्घाटन वक्तव्य में कहा, "मेरा और मेरे साथ आये भारतीय दल का भव्य स्वागत करने के लिए मैं आपका आभारी हूं। जैसा कि आपने कहा, मैं जब भी यहां आया हूं, मैंने हमेशा महसूस किया है कि मैं अपने घर और परिवार में आया हूं।" उन्होंने कहा कि, हम पिछले 7 महीने में पांच बार मिले हैं। आज भारत और यू.ए.ई. के बीच हर क्षेत्र में परस्पर साझेदारी है।

मोदी अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था मंदिर का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा, यू.ए.ई. में यह मंदिर भारत के लिए आपके स्नेह का उदाहरण है।

इस अहम बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी "अहलान मोदी" कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जायद स्टेडियम पहुंचे, जहाँ उन्होंने लगभग 65 हजार भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। गौरतलब है कि, इस कार्यक्रम में यू.ए.ई. के विभिन्न क्षेत्रों और भारत के विभिन्न राज्यों के लोग एकत्रित हुए। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, आज आपने अबू धाबी में इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा, इस ऐतिहासिक स्टेडियम में, "हर दिल की धड़कन में यह भावना गूंजती है- भारत-यू.ए.ई. दोस्ती जिंदाबाद।"

तेजस्वी के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने बिना शर्त अपनी कथित टिप्पणी को वापस के लिए "विशेष रूप से" एक शपथ पत्र दाखिल कर दिया है।

कोचिंग छात्र...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किया तो पुलिस अफसर घटनास्थल पर पहुंचे थे। जवाहर नगर थाना पुलिस के सब इंस्पेक्टर लक्ष्मण मेहरा के अनुसार 18 वर्षीय छात्र शुभकुमार चौधरी महावीर नगर प्रथम स्थित कृष्ण रैज़िडैंसी में रहता था, जिसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

'सुई से हथौड़ा तक हमारे पास पत्थर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लगाना शामिल है। मुख्य दिल्ली-चंडीगढ़ सड़क स्थित सिंघू बॉर्डर को दोनों तरफ से अवरूद्ध कर दिया गया है। दिल्ली में भी पुलिसकर्मी आंसू गैस के गोले छोड़ने का अभ्यास कर रहे हैं। एक वायरल वीडियो में पुलिसकर्मियों को नॉर्थ दिल्ली के एक खुले इलाके में आंसू गैस के गोले दागते हुए दिखाया गया है, जिसमें यहां के निवासी परेशान हैं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने आंदोलन रोधी उपाय करने को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार करते हुए करते हुए कहा कि "किसानों के रास्तों पर कीलें बिछाना क्या "अमृतकाल" है या "अन्यायकाल?"

प्रियंका ने "एक्स" पर डाली गई एक पोस्ट में किसानों से किए वादे पूरा ना करने को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा "प्रधानमंत्री जी! देश के किसानों के साथ ऐसा बर्ताव क्यों?" आप वादे पूरा क्यों नहीं करते हैं। दिल्ली की ओर कूच कर रहे किसानों ने मीडिया को बताया कि वे घेरा डालकर बैठे रहने वाली एक और स्थिति के लिए तैयार होकर आ रहे हैं।

पंजाब के गुरदासपुर निवासी एवं वर्ष 2020 के आंदोलन का भी हिस्सा रह चुके एक किसान ने बताया कि "पत्थरों को तोड़ने वाले औज़ारों सहित सुई से लेकर हथौड़े तक, हमारे पास हमारी जरूरत की हर चीज़ है। हम छह महीनों का राशन साथ लेकर अपने घरों से निकले हैं। हमारे पास पर्याप्त मात्रा में डीज़ल है, यहां तक कि हरियाणा के हमारे भाईयों के लिए भी। हम पिछली बार भी 13 महीनों तक डटे रहे थे। हम से हमारी मांगे पूरी करने का वादा किया गया था, लेकिन सरकार ने अपना वादा नहीं निभाया। इस बार हम अपने मांगे मान लिए जाने के बाद ही रवाना होंगे।

> ■ दो केन्द्रीय मंत्रियों, जिनमें कृषि राज्यमंत्री अर्जुन मुण्डा भी शामिल हैं, ने किसान यूनियनों से बातचीत का दौर चला रखा है तथा इलैक्ट्रिसिटी एक्ट 2020 को वापस लेने व लखीमपुर खीरी में आंदोलन में मारे गये किसानों का मुआवजा देने पर कुछ सहमति बनी है।

सत्तारूढ़ भाजपा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले अपनी अपनी छवि पर पड़ रहे इस विपरीत प्रभव से चितिंत है और किसान संगठनों से एक वार्ता कर चुकी है। दो कन्द्रीय मंत्री, कृषि राज्य मंत्री अर्जुन मुंडा सोमवार शाम किसान नेताओं से मिले। कुछ प्रगति हुई और इलैक्ट्रिसिटी एक्ट 2020 को रद्द करने और लखीमपूर खीरी में मारे गए किसानों को हर्जाना देने पर समझौता करने का प्रयास हुआ लेकिन एम.एस.पी. गारंटी कर्ज में राहत की और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने जैसी प्रमुख चिंताओं का समाधान नहीं हुआ। इसका अर्थ है कि "दिल्ली चलो" आंदोलन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

मुंडा ने कहा, कुछ लोग समस्या पैदा करना चाहते है, मुंडा ने किसानों से धैर्य रखने व सरकार पर भरोसा रखने को कहा। एक किसान नेता ने कहा, वार्ता बेनतीजा रही। हम दिल्ली के लिए मार्च शुरु करेंगे। पर सरकार के प्रस्ताव पर भी विचार करेंगे। टिकैत ने भी किसानों के मार्च का समर्थन किया है।

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

राजीविका

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

अब हम भी हैं आत्मनिर्भर, अब हमारा भी है सम्मान
अपने हौसले और मेहनत से बनाई हमने अपनी पहचान

माननीय राष्ट्रपति महोदया की गरिमामयी उपस्थिति में
राजीविका, राजस्थान के तत्वावधान में आयोजित

लखपति दीदी सम्मेलन

में आप सादर आमंत्रित हैं।

समय - सायं 3 बजे से • दिनांक - 14 फरवरी, 2024

स्थान - बेणेश्वर धाम, डूंगरपुर

राजीविका, ग्रामीण विकास विभाग,राजस्थान

राजस्थान संवाद

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908